समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# छोटी सी किराने की दुकान से सालाना 70 लाख का मुनाफा! सोशल मीडिया पर यूजर के दावे ने मचाया हड़कंप।

Publisher Published on 02 Jul 2025



## 300 स्क्वायर फीट की दुकान और 70 लाख का मुनाफा? Reddit पर वायरल हुए दावे पर लोग बोले – "यह असंभव है", तो कुछ ने कहा – "कड़ी मेहनत का फल है"

**Reddit पोस्ट ने खड़ा किया सवाल – क्या एक छोटी किराने की दुकान इतना कमा सकती है?**
**Success Story: सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Reddit** पर एक यूजर के पोस्ट ने इंटरनेट पर खलबली मचा दी है। **StartupIndia सबरेडिट** पर शेयर की गई इस पोस्ट में दावा किया गया है कि एक **300 स्क्वायर फीट की छोटी सी किराने की दुकान** सालाना **70 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा** कमा रही है।

यूजर ने बताया कि यह दुकान एक **मेन रोड** पर स्थित है और दुकान **स्वामित्व की है** (Own Shop)। इसमें **चावल, दाल, मसाले और रोजमर्रा के खाने-पीने की वस्तुएं** बेची जाती हैं। यह जानकारी यूजर के मुताबिक दुकान के मालिक के बेटे ने दी, जो उसका रिश्तेदार है।

**सोशल मीडिया पर शुरू हुई बहस – "संभव है या नहीं?"**
इस पोस्ट के बाद लोगों की राय बंटी हुई नजर आई।
**एक यूजर ने लिखा:** "भाई, 70 लाख की सेल्स मुमकिन है, लेकिन प्रॉफिट नहीं।"
**दूसरे ने कहा:** "मेरी खुद की दुकान है, 2 लाख महीना मुनाफा मुश्किल से होता है, 70 लाख बहुत ज्यादा है।"

**एक और यूजर ने कहा :** "अगर दुकान हाइपर लोकेशन में है, और लंबे समय से चली आ रही है, तो क्यों नहीं!"

कुछ यूजर्स ने किया समर्थन – '**दुकानदार मेहनत करता है, सब संभव है**'
हालांकि कई लोग इस दावे के पक्ष में भी दिखाई दिए।

**एक यूजर ने कहा :** "मेरे पास के एक किराना दुकानदार ने 50 लाख साल में कमाए। सुबह 10 से रात 12 बजे तक दुकान चलती है, और हर रोज़ सुबह 3 बजे थोक मार्केट जाता है।"

**दूसरे यूजर ने लिखा :** "हम फोटो कॉपी की दुकान चलाते हैं, सरकारी दफ्तर के पास हैं – सालाना टर्नओवर लाखों में जाता है।"

**क्या कहता है ग्राउंड रियलिटी ?**
भारत में **रिटेल किराना सेक्टर** तेजी से बढ़ा है। अगर कोई दुकानदार:
१. **लोकेशन परफेक्ट चुनता है**
२. **थोक मे संस्ता माल खरीदता है**
३. **लंबे समय तक खुली दुकान रखता है**
४. **और कस्टमर लायलटी बनाए रखता है**
तो सालाना बेहतर **टर्नओवर** और **उच्च लाभ संभव** है। हालांकि **70 लाख** का **शुद्ध प्रॉफिट** अभी भी बहस का विषय बना हुआ है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.